समाचार

साहू समाज ने कोरबा के विकास में दिया अपना महत्वपूर्ण योगदान – राजस्व मंत्री

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्ड 18 अंतर्गत साहू समाज भवन के समीप किया नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण)

कोरबा 10 मई 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा है कि कोरबा के विकास में सभी समाज के लोगों के साथ–साथ साहू समाज ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, साहू समाज एक संगठित व मजबूत समाज है तथा सामाजिक कार्यो में समाज की भूमिका सदैव प्रशंसनीय व अनुकरणीय रही है। उन्होने कहा कि कोरबा में निवासरत सभी समाज के लोगों के साथ ही मुझे साहू समाज का भी भरपूर स्नेह व आशीर्वाद मिला है, आप सबकी बदौलत ही आज मैं इस मुकाम पर हूँ कि आप सबके लिए कुछ अच्छा कर पाने के प्रयासों को मूर्तरूप दें पा रहा हूँ।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्. 18 में ढेगुरनाला चेकपोस्ट साहू समाज भवन के समीप राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के विधायक मद से 15 लाख 98 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए उक्त नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण तथा साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि साहू समाज के नागरिकों ने पूर्व में मेरे समक्ष मांग रखी थी कि समाज के लिए एक बड़ा भवन होना चाहिए, उनकी इस मांग का सम्मान करते हुए मैंने विधायक मद से भवन निर्माण

कराने की घोषणा की और परिणाम स्वरूप आज यह भवन आप लोगों की सेवा व उपयोग हेतु आपको समर्पित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कोरबा में निवासरत सभी समाज के अपने स्वयं के भवन हों ताकि वे अपने सामाजिक व पारिवारिक कार्यक्रम सुविधापूर्ण ढंग से कर सके, मेरे यह सपना रहा है। मुझे खुशी है कि मेरा यह सपना साकार हुआ है। मैंने अपने विधायक मद से कोरबा के लगभग सभी समाजों के भवनों के लिए राशि उपलब्ध कराई है तथा मेरा यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

रिसदी चौक का नामकरण दानवीर भामाशाह के नाम पर— लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के सुझाव पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने करतल ध्वनि के बीच रिसदी चौक का नामकरण दानवीर भामाशाह के नाम पर किए जाने की घोषणा की। महापौर श्री प्रसाद ने इस मौके पर कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का दिल बहुत बड़ा है, वे खुले दिल से सभी का सहयोग करते हैं, कोरबा में निवासरत सभी समाजों के लिए उन्होने अपना भरपूर सहयोग दिया है, इसी का परिणाम है कि आज यहॉ पर सभी समाजों के अपने स्वयं के भवन बन चुके हैं, मैं राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल की इस उदारता के लिए उनका कृतज्ञ हूॅं तथा उन्हें हृदय से धन्यवाद देता हूॅं।

राजस्व मंत्री ने हमे दिया सदैव अपना सहयोग— इस अवसर पर साहू समाज के अध्यक्ष गिरजा साहू ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने सदैव हमारे समाज को अपना पूरा सहयोग दिया है, हमें गर्व है कि हम कोरबावासियों को राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल जैसे नेता एवं मार्गदर्शक प्राप्त हुए हैं। वहीं समाज के पदाधिकारी गिरधारी साहू ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कोरबा के अलग—अलग क्षेत्रों में साहू समाज के लिए भवन बनवाएं हैं, पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में भी मानिकपुर व पुराना कोरबा शहर में भवन बनाए गए हैं, उन्होने सदैव हमारे साहू समाज को अपना पूरा सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान किया है।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पालूराम साहू, कृपाराम साहू, पार्षद धनश्री साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, बालको ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, समाज के जिलाध्यक्ष गिरजा साहू, वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्य गिरधारी साहू, गजानंन साहू, पद्‌मिनी साहू, रविन्द्र साहू, फिरतराम साहू, प्रकाश साहू, विजय साहू, घनश्याम साहू, बलीराम साहू, ईश्वर साहू, गजाधर साहू आदि के साथ काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।